प्रेषक,

**अमित कुमार घोष,**
अपर मुख्य सचिव
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

**जिलाधिकारी,**
प्रयागराज।

**चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1** **लखनऊ : दिनांक 25 मई, 2026**

**विषयः- राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज से सम्बद्ध स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय परिसर के विस्तार/उच्चीकरण हेतु स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल एवं महात्मा गाँधी मार्ग से जुडी हुई पूल्ड हाऊसिंग की भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में हस्तांतरित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-507/रा0आ0-2025, दिनांक 09.12.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा आपके कार्यालय के एक अन्य पत्र संख्या-282/रा0आ0-2025, दिनांक 21.07.2025 के साथ संलग्न गठित समिति की जॉच आख्या दिनांक 16.07.2025 के क्रम में स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल, प्रयागराज की क्षमतावृद्धि हेतु अवशेष भूमि रकबा 31314 वर्गमीटर चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में पट्टे पर दिये जाने हेतु मा0 मंत्रि-परिषद का अनुमोदन प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है।

**2-** इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक् विचारोपरान्त राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज से सम्बद्ध स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय परिसर के विस्तार/उच्चीकरण किये जाने हेतु स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल एवं महात्मा गॉधी मार्ग से जुडी हुई पूल्ड हाऊसिंग की भूमि स्थित मौजा नीबीबाग, परगना व तहसील सदर, जनपद प्रयागराज की नान जेड0ए0 खतौनी फसली सन् 1428 के खाता संख्या-38 भूखण्ड संख्या-29 रकबा 0.365 हे0, 30 रकबा 0.320 हे0, 31 रकबा 0.171 हे0, 32 रकबा 0.034 हे0, 33 मि0 रकबा 0.171 हे0, 34 रकबा 0.137 हे0, 35 रकबा 0.148 हे0, श्रेणी 15(2) के अंतर्गत आबादी एम0आई0सी0 के खाते में दर्ज है, खाता संख्या-39 भूखण्ड संख्या 33 मि0 रकबा 0.034 हे0, 36 रकबा 0.091 हे0, 38 रकबा 0.331 हे0, 39 रकबा 0.346 हे0, 42 रकबा 0.274 हे0, 46/1 रकबा 0.148 हे0, जो श्रेणी 15 (2) के अंतर्गत आबादी बंगला सेक्रेटरी के खाते में दर्ज है तथा खाता संख्या-44 भूखण्ड संख्या 40 रकबा 0.020 हे0, 41 रकबा 0.091 हे0, 43 रकबा 0.126 हे0, 44 रकबा 0.114 हे0, 45 रकबा 0.114 हे0, 46/2 रकबा 0.662 हे0, 47 रकबा 0.103 हे0, 48 रकबा 0.126 हे0, जो श्रेणी 15(2) के अंतर्गत आबादी डब्ल्यू बी0 एन0 कालेज

---

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

के खाते में दर्ज है, जिसका मालिकाना अधिकार सरकार बहादुर खाता खेवट नं0-1/1 का है, में से रकबा 31314 वर्गमीटर भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में रू0 1.00 (एक रूपये मात्र) वार्षिक किराये की दर से 90 वर्ष के लिए पट्टे पर हस्तान्तरित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**3-** कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**अमित कुमार घोष**
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या व दिनांक, उपर्युक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
4. आयुक्त, प्रयागराज, मण्डल प्रयागराज।
5. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

**आनन्द कुमार त्रिपाठी**
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

---

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।